**बिहार लोक सेवा आयोग**

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

## आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–03/2025 के अंतर्गत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में सदस्य, विज्ञापन संख्या–02/2025 के अंतर्गत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अध्यक्ष एवं विज्ञापन संख्या–01/2025, के अंतर्गत राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में न्यायिक सदस्य के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक) प्रतियोगिता परीक्षा क्रमशः दिनांक–03.05.2025, 04.05.2025 एवं 05.05.2025 को दोनों पालियों में (प्रथम पाली–10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली–02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक) आयोजित की जायेगी।

उक्त तीनों प्रतियोगिता परीक्षा के लिए दिनांक–26.04.2025 से अपना प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) बिहार लोक सेवा आयोग के वेबसाइट https://bpsconline.bihar.gov.in/candidate/login से डाउनलोड कर सकते है।

1. अभ्यर्थी अपने प्राप्त Username एवं Password से Login के उपरांत Dashboard पर उपलब्ध "Download Admit Card" बटन पर Click करते हुए अपना e-Admit Card डाउनलोड करेंगे। डाउनलोड किये गये e-Admit Card में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र कोड (Centre Code) के रूप में दर्ज होगा।
2. **सभी अभ्यर्थी e-Admit Card की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र पर ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।**
3. परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में विस्तृत जानकारी Dashboard पर दिनांक–01.05.2025 से उपलब्ध करायी जायेगी।
4. अभ्यर्थियों को e-Admit Card में दिये गये समयानुसार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। अतः अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा तिथि को दोनों पालियों की परीक्षा के लिए समय पर निश्चित रूप से परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे तथा निर्धारित समय के पश्चात् परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
5. उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाइट **https://bpsconline. bihar. Gov.in/candidate/login** से डाउनलोड कर परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

**उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।**

25/4/25

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना